दैनिक प्रातः कालीन भारत सरकार से रजिस्टर्ड हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

# क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

वर्ष :- 03 अंक :- 140 मुरादाबाद, 09 September 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड



दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें:-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999 में

न्यूज़ पेपर डिज़ाइन कराये कम दम में


## संक्षिप्त समाचार

### डॉ. दिनेश शर्मा निर्विरोध राज्यसभा सदस्य निर्वाचित, विधान परिषद की सदस्यता से देंगे इस्तीफा



राज्यसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन से खाली हुई सीट पर हुए उप चुनाव में भाजपा ने डॉ. शर्मा को प्रत्याशी बनाया था। राज्यसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा निर्विरोध सदस्य निर्वाचित हुए हैं। भाजपा के पूर्व राज्यसभा सदस्य हरद्वार दुबे के निधन से खाली हुई सीट पर हुए उप चुनाव में भाजपा ने डॉ. शर्मा को प्रत्याशी बनाया था। उप चुनाव में एक मात्र डॉ. शर्मा का नामांकन दाखिल हुआ। शुक्रवार को नामांकन वापसी के अंतिम समय दोपहर तीन बजे निर्वाचन अधिकारी ब्रजभूषण दुबे ने डॉ. शर्मा को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया। विधानमंडल भवन के सेंट्रल हॉल में निर्वाचन अधिकारी दुबे ने डॉ. शर्मा को राज्यसभा सदस्य निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र सौंपा।

## मेरी माटी, मेरा देश: अभियान में शामिल हुए सीएम योगी, बोले-भारत को महाशक्ति के रूप में देखना हर भारतीय की इच्छा


मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 2047 में जब देश आजादी का शताब्दी महोत्सव महोत्सव मना रहा होगा तब हर राष्ट्रभक्त भारतीय के मन में भारत को समर्थ, सशक्त और दुनिया की सबसे बड़ी महाशक्ति के रूप में देखने की इच्छा होगी। हर भारतीय देश को दुनिया का नेतृत्व करते हुए देखने की इच्छा रखता है। बता दें कि पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा हुई थी। इस अभियान में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं इस साल मेरी माटी, मेरा देश अभियान के साथ आजादी का पर्व मनाया जा रहा है। यह अभियान देश के वीरों को सम्मान देने के लिए शुरू किया गया है। सीएम योगी ने ये बातें शुक्रवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के दौरान कहीं। उन्होंने भाजपा महानगर इकाई के अध्यक्ष राजेश गुप्ता को गोरखनाथ मंदिर परिसर की मिट्टी अमृत कलश में भरकर सौंपी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के यशस्वी नेतृत्व में भारत ने अपनी आजादी का अमृत महोत्सव पूरी भव्यता और दिव्यता के साथ आयोजित किया। यह हम सबका सौभाग्य है कि आजादी के अमृत काल के प्रथम वर्ष में हम सबको



नए भारत का दर्शन हो रहा है। पीएम मोदी ने नए भारत की 140 करोड़ की आबादी को आगामी 25 वर्ष की एक विस्तृत कार्ययोजना के साथ आगे बढ़ने का एक अवसर दिया है। सीएम योगी ने कहा कि सशक्त, समर्थ और शक्तिशाली भारत के लिए जो कार्यक्रम दिए गए हैं, उसी की श्रृंखला में विरासत के सम्मान वाले %माटी को नमन वीरों को वंदन% कार्यक्रम को आगे बढ़ाने के कार्यक्रम का शुभारंभ आज गोरखपुर में महानगर संगठन की तरफ से किया जा रहा है। इसमें गोरखपुर की माटी को अमृत कलश के साथ जोड़ने का सौभाग्य मुझे प्राप्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश भर के हर नगर निकाय व हर विकासखंड से अमृतकलश एकत्र होकर लखनऊ और फिर दिल्ली के लिए जाएंगे। लखनऊ में जहां आजादी के अमृत कलश की स्थापना हुई है, उसी पवित्र स्थल पर एक अमृत कलश वाटिका स्थापित हो रही है जहां प्रदेश भर से संग्रहित कलश रखे जाएंगे। अमृत कलश वाटिका में 825 विकास खंडों समेत करीब 1500 स्थलों से एकत्रित मिट्टी भरे कलश रखे जाएंगे। इस अवसर पर महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव, विधायक विपिन सिंह, प्रदीप शुक्ल, भाजपा महानगर संगठन से महामंत्री इंद्रमणि उपाध्याय, ओमप्रकाश शर्मा, देवेश श्रीवास्तव, अच्युतानंद शाही, उपाध्यक्ष शशिकांत सिंह, दयानंद शर्मा, देवेंद्र नाथ पांडेय,मंत्री अजय श्रीवास्तव, अवधेश अग्रहरि, पार्षद पवन त्रिपाठी, रणंजय सिंह जुगनू, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रणविजय सिंह मुन्ना, सत सुकृत, सचिन गुप्ता आदि उपस्थित रहे। बता दें कि पिछले साल स्वतंत्रता दिवस के मौके पर हर घर तिरंगा अभियान की घोषणा हुई थी। इस अभियान में लोगों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं इस साल मेरी माटी, मेरा देश अभियान के साथ आजादी का पर्व मनाया जा रहा है। यह अभियान देश के वीरों को सम्मान देने के लिए शुरू किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने सही किया, रूस-यूक्रेन युद्ध पर सरकार का पक्ष लेते हुए बोले मनमोहन सिंह

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने कहा कि जटिल राजनयिक मामलों को संभालने के तरीके पर प्रधानमंत्री को सलाह देना मेरे लिए सही नहीं है। मैं उन्हें कोई सलाह नहीं दूंगा। देश के पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह ने रूस-यूक्रेन युद्ध पर केंद्र सरकार के रुख का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि भारत ने शांति की अपील करते हुए अपने संप्रभु और आर्थिक हितों को पहले स्थान पर रखकर सही काम किया है। मनमोहन सिंह ने जी-20 बैठक से पहले एक इंटरव्यू के दौरान यह बात कही। साथ ही उन्होंने घरेलू राजनीति के लिए विदेश नीति का उपयोग करने पर भी चेतावनी दी है। दो दिन होगा सम्मेलन- गौरतलब है, भारत इस साल जी-20 देशों की अध्यक्षता कर रहा है। ऐसे में नौ और 10 सितंबर को होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सहित कई देशों के नेताओं का दिल्ली में जमावड़ा होगा। हालांकि, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग शिखर सम्मेलन में शामिल नहीं हो रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, साल 2004 और 2014 के बीच कांग्रेस के नेतृत्व वाले यूपीए के दो कार्यकालों के दौरान प्रधानमंत्री रहे मनमोहन सिंह को शनिवार को जी-20 के नेताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज में आमंत्रित किया गया है। मेरे समय में विदेश नीतिज् भारत की जी-20 अध्यक्षता पर पूर्व पीएम ने कहा कि उनके समय में विदेश नीति घरेलू राजनीति से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई थी। उन्होंने कहा कि पार्टी राजनीति के लिए कूटनीति का इस्तेमाल करते समय संयम बरतना जरूरी है। मनमोहन सिंह ने कहा कि मुझे बहुत खुशी है कि भारत को जी-20 की अध्यक्षता मेरे जीवनकाल में मिली और मैं जी-20 शिखर सम्मेलन



के लिए भारत द्वारा विश्व नेताओं की मेजबानी करने का गवाह बनूंगा।

### घरेलू राजनीति हुई महत्वपूर्ण

90 वर्षीय पूर्व पीएम ने कहा कि विदेश नीति हमेशा से भारत के गवर्नेंस फ्रेमवर्क का एक महत्वपूर्ण तत्व रही है, लेकिन यह कहना उचित है कि यह आज घरेलू राजनीति के लिए पहले की तुलना में और भी ज्यादा उचित और महत्वपूर्ण हो गई है। जबकि दुनिया में भारत की स्थिति घरेलू राजनीति में एक मुद्दा होना चाहिए। उन्होंने कहा कि पार्टी या व्यक्तिगत राजनीति के लिए कूटनीति और विदेश नीति का उपयोग करने में संयम बरतना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

### केंद्र सरकार ने सही किया

मनमोहन सिंह ने यूक्रेन-रूस युद्ध पर सरकार की सख्त कूटनीतिक स्थिति से निपटने की बात पर कहा कि केंद्र ने सही काम किया है। उन्होंने कहा कि जब दो या दो से अधिक देशों में जंग हो जाती है तो अन्य देशों पर पक्ष चुनने का दबाव होता है। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि भारत ने शांति की अपील करते हुए हमारे संप्रभु और आर्थिक हितों को पहले रखकर सही काम किया है। इन मुद्दों पर हो चर्चा पूर्व पीएम मनमोहन सिंह ने कहा कि सुरक्षा संबंधी विवादों को निपटाने के मंच के रूप में जी-20 की कभी कल्पना नहीं की गई थी। जी-20 के लिए यह महत्वपूर्ण है कि वह सुरक्षा मतभेदों को दूर रखे और जलवायु, असमानता और वैश्विक व्यापार में विश्वास की चुनौतियों से निपटने के लिए नीति समन्वय पर अपना ध्यान केंद्रित करे।

### पीएम को सलाह देने से इनकार

चीन संबंधों और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के शिखर सम्मेलन में शामिल न होने पर उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भारत की क्षेत्रीय और संप्रभु अखंडता की रक्षा के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे। साथ ही उन्होंने सरकार को कोई सलाह देने से मना कर दिया। उन्होंने कहा कि जटिल राजनयिक मामलों को संभालने के तरीके पर प्रधानमंत्री को सलाह देना मेरे लिए सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग नहीं लेने का फैसला किया है। लेकिन मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री भारत की क्षेत्रीय और संप्रभु अखंडता की रक्षा करने और द्विपक्षीय तनाव को कम करने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाएंगे।

## घोसी के रण में संजय निषाद ने मानी हार, बोले- ओपी राजभर को कहता हूं कि ज्यादा मत बोला करो

भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी के मुखिया व मंत्री डॉ संजय निषाद ने घोसी उपचुनाव में हार मान ली है। मीडिया से बातचीत में कहा कि जनादेश का स्वागत करना चाहिए, सम्मान करना चाहिए। घोसी में जो कमी रही उसकी समीक्षा करेंगे। घोसी उपचुनाव के अंतिम परिणाम आने से पहले ही भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी के मुखिया व मंत्री डॉ संजय निषाद ने हार मान ली है। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि हम जनता की भावना का सम्मान करते हैं। जनादेश का स्वागत करना चाहिए, सम्मान करना



चाहिए। घोसी में जो कमी रही उसकी समीक्षा करेंगे। इसके साथ ही संजय निषाद ने कहा कि हमारे समाज ने बीजेपी को वोट दिया। घोसी उपचुनाव में हार के कारणों की समीक्षा होगी। सुभासपा अध्यक्ष के विवादित बयानों पर संजय निषाद ने टिप्पणी की। कहा कि राजभर को मैं कहता हूं ज्यादा मत बोलो। कहा कि अपने संबंधों को हमेशा ठीक रखना चाहिए। संजय निषाद ने आगे कहा कि हमारे लोग सरकारी नौकरी नहीं पाते हैं। इसलिए हम अपने समाज को शिक्षित करने की बात कहते हैं।

### सपा की जीत पर दिया विवादित बयान

इससे पहले मतगणना के शुरुआती चरण में एक टीवी चैनल से बातचीत में संजय निषाद ने विवादित बयान दिया। कैबिनेट मंत्री और निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद ने सपा के सुधाकर सिंह की बढ़त को लेकर कहा कि अगर एरिया पाकिस्तान वाला है तो लगता है कि पाकिस्तान जीत रहा है। और जब हमारे लोगों का आता है तो फिर वो लोग गायब होने लगते हैं। उन्होंने पाकिस्तान का मतलब भी बताया। कहा कि जिस तरफ सपा का वोट है। जिन लोगों को उन्होंने तुष्टिकरण की नीति की वजह से इकट्ठा किया है। तो उनकी आबादी जहां है, अगर उस एरिया के ईवीएम खुलते हैं तो लगता कि वो लोग जीत रहे हैं। संजय निषाद से जब यह सवाल किया गया कि सपा के जहां वोटर हैं वो इलाका पाकिस्तान है क्या? तो इसके जवाब में उन्होंने कहा कि ये ऐसा ही लगता है क्योंकि उन्हें सपा अपना वोटर मानती है। अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए कहा कि जो अपनी विरासत के लिए नहीं लड़ सकते, सिर्फ वोट के लिए तुष्टिकरण की नीति अपनाए हैं, उसे पाकिस्तान न कहा जाए तो क्या कहा जाए?वहीं मीडिया से बाातचीत में सुभासपा नेता अरुण राजभर ने कहा कि घोसी की जनता के फैसले का सम्मान है। तंजात्मक लहजे में कहा कि विपक्ष मान गया होगा कि ईवीएम सही है। चुनाव तैयारियों का हवाला देकर कहा कि हम लोगों ने तो पूरी ताकत लगाकर काम किया। जो कमी रह गई उसे आगे सही किया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि एक उपचुनाव हारने से कुछ नहीं होता। भाजपा गठबंधन को पूर्वांचल में मजबूत करने का काम करेंगे।

## पश्चिम बंगाल की धूपगुड़ी सीट से TMC ने मारी बाजी, बीजेपी की तापसी रॉय को हराया

पश्चिम बंगाल के धूपगुड़ी विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने बाजी मार ली है। कांटे की टक्कर मैं तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार निर्मल चंद्र राय ने भाजपा उम्मीदवार तापसी राय को 4883 मतों से हराया। निर्मल चंद्र को कुल 96961 वोट मिले जबकि बीजेपी प्रत्याशी तपासी रॉय को 92648 वोट हासिल हुए। सीपीआई (एम) के प्रत्याशी इश्वर चंद्र रॉय को महज 13666 वोट ही मिले।

महीने की 5 तारीख को 6 राज्यों की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव हुए, जिसमें इंडिया अलायंस और एनडीए के बीच सीधा चुनावी मुकाबला देखने को मिला। आज यानी 8 सितंबर को उपचुनाव के परिणाम सामने आ गए। पश्चिम बंगाल के धूपगुड़ी



विधानसभा उपचुनाव में तृणमूल कांग्रेस ने बाजी मार ली है। कांटे की टक्कर मैं तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार निर्मल चंद्र राय ने भाजपा उम्मीदवार ताप राय को 4883 मतों से हराया। निर्मल चंद्र को कुल 96961 वोट मिले जबकि बीजेपी प्रत्याशी तपासी रॉय को 92648 वोट हासिल हुए। सीपीआई (एम) के प्रत्याशी इश्वर चंद्र रॉय को महज 13666 वोट ही मिले। निर्मल चंद्र रॉय 2931 वोट से आगे- सातवें में राउंड की गिनती के बाद तृणमूल कांग्रेस के निर्मल चंद्र रॉय लगातार बीजेपी उम्मीदवार तापसी रॉय से आगे चल रहे थे। जबकि वाम मोर्चा और कांग्रेस गठबंधन के उम्मीदवार ईश्वर चंद्र रॉय शुरू से ही मुकाबले से बाहर चल रहे थे।

## विदेशी धरती से राहुल ने फिर भारतीय लोकतंत्र को बताया खतरे में, देश का नाम भारत रखने पर भी बोले

बेल्जियम दौरे पर राहुल गांधी ने केंद्र की मोदी सरकार पर हमला बोला है। राहुल ने कहा कि भारत में सरकार कंपनियों को खत्म किया जा रहा है और कुछ खास लोगों की पीएम द्वारा मदद की जा रही है। उन्होंने एक बार फिर लोकतंत्र के खतरे में होने की बात कही और कहा कि देश में अल्पसंख्यक भी सुरक्षित नहीं है। बेल्जियम दौरे पर गए कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने भाजपा और केंद्र सरकार पर हमला बोला है। राहुल ने इसी के साथ एक बार





फिर विदेशी धरती से भारत में लोकतंत्र के खतरे में होने की बात कही। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आम लोगों की बातों पर ध्यान नहीं दे रही है और केवल अपने कुछ खास लोगों की बात सुनती है। अल्पसंख्कों पर हो रहे हमले- राहुल ने कहा कि भारत में लगातार माहौल बिगाड़ने का काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश में अल्पसंख्कों पर हमले हो रहे हैं और सरकार कुछ नहीं कर रही है। राहुल ने इसी के साथ कहा कि देश में मोदी सरकार अपने कुछ खास लोगों जैसे अदाणी के लिए काम कर रही है और उन्हें फायदा पहुंचा रही है।

### देश का नाम भारत रखने पर दी अपनी राय

बेल्जियम में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब कांग्रेस नेता से पूछा गया कि क्या वो देश का नाम भारत करने का समर्थन करेंगे, तो उन्होंने कहा कि ये केवल सरकार पर है कि वो क्या नाम देश का चाहती है। राहुल ने कहा कि सरकार ये सब लोगों का ध्यान मूल मुद्दों से भटकाने के लिए कर रही है।

### रूस-यूक्रेन मुद्दे पर सरकार के साथ

राहुल गांधी ने रूस और यूक्रेन जंग पर सरकार के कदमों का समर्थन किया है। राहुल ने कहा कि पूरा विपक्ष भारत की वर्तमान स्थिति से सहमत है। उन्होंने कहा कि सरकार वर्तमान में जो कर रही है, हम उसके साथ हैं।

## संपादकीय Editorial

### Parliament session without agenda

President Draupadi Murmu's office and spokesperson say that the Parliament session has been called for September 18-22, but many ministers and party spokespersons, including Parliamentary Affairs Minister Prahlad Joshi, are calling it a 'special session'. This is an 'encroachment' on the President's statement and decision and also a contradiction between His Excellency and the Central Government. We have seen and felt this situation for the first time. In the opposition, Sonia Gandhi and the leaders of 'India' alliance also believe that the government has taken the decision of 'special session' of Parliament as per its wish. The opposition was not taken into confidence. In fact, the President has called the Parliament session only on the advice of the Government of India. However, coming out of this dilemma, we believe that a five-day Parliament session has been called. If this is a 'special session', then more or less the Modi government should have clarified under what 'speciality' this session has been called, whereas the monsoon session itself was 'adjourned indefinitely' on August 11. The winter session of Parliament is also called in late November or early December. During that time, assembly elections are to be held in some states, hence central leaders of political parties will also be busy in election campaigning. Is this 'special session' called in view of this? Will there not be a winter session? In the context of these questions, it can be said that a five-day session is not sufficient compared to the entire session, because legislative work will remain pending! Since constitutional arrangements like 'Zero Hour' and 'Question Hour' have been kept absent in the proposed session, the question arises whether the session is really 'special'? If so, then what is the problem in making his special agenda public?

It has also been a tradition that before introducing any bill, more or less the draft has been provided to the House leaders of the opposition, so that they can study it properly and present their amendments in the Parliament. What are the benefits of making the agenda of the 'Special Session' confidential or sensational? Which intelligence of the government will be broken by that? If proposals like 'One Country, One Election' or 'Women's Reservation Bill' or 'Naming India' are to be presented in the 'Special Session', then what was the need for 'special haste' in these that the Parliament session had to be called hurriedly. ? If the government wants to pass a 'well done resolution' of the Parliament on the achievements of the Amrit period like 'Chandrayaan-3', 'Aditya L-1' and 'G-20 Summit', then there will be difficulty in making this agenda public. What is? What confidentiality may be breached? In fact, it has become a trend of the Modi government that it sensationalizes even the most common decisions. Only they know Prime Minister Modi's 'Mann Ki Baat', the government and BJP feel very 'great' on this. Democracy doesn't work like this. Everyone's participation and thinking is very important in a democracy. In the present context, we feel that even the Parliamentary Affairs Minister is not aware as to why the 'special session' has been called, hence he is giving a evasive reply. Perhaps Prime Minister Modi wants to announce something only after the conclusion of the 'G-20 Summit'! However, Congress Parliamentary Party President Sonia Gandhi has written a letter to the Prime Minister complaining that the 'special session' has been called without consulting the opposition. This is against the established conventions of Parliament. However, he has suggested 9 points for discussion. These are points which could have been debated during the monsoon session, but the opposition and the government stuck to their respective rules and the session was almost washed out. Since the no-confidence motion was presented.

# Diplomacy in G-20 conference

In view of the increasing role of developing countries in the world economic order, when there was a need for 20 industrialized countries of the world to come together in one group in 1999, the G-20 organization was formed. In view of the increasing role of developing countries in the world economic order, When in 1999 there was a need for the 20 industrialized countries of the world to come together, the G-20 organization was formed, which was led by America, but India and some other countries of the third world also got prominence in it, including South Africa. And Brazil were also important. Initially the tradition of the conference of finance ministers of these countries started. India got the chairmanship of this second conference of Finance Ministers and Shri Yashwant Sinha, the Finance Minister of the then Vajpayee government, became its President. After this, in 2008, these countries realized that the level of G-20 should be increased and since then the summit of the heads of power of these countries started taking place. Since there are a total of twenty countries in this organization, each member country got the opportunity to preside over it in turn. India's number has now come in the current year 23, hence now it will get the presidency again only after 20 years in 2043. Certainly, it was a matter of pride for India to be a member of this organization because when this country was freed from the slavery of the British in 1947, it did not even produce 'needle' but within just 52 years, this country became a member of our visionary organization. And because of scientifically minded leaders, it became an industrialized country and became capable of standing at par with the world's number one country like America. Therefore, first of all we should be grateful to those leaders of our older generations who 'took us from darkness to light' and engaged our new generations in the work of eradicating poverty through science. India is proud to host the G-20 today. 20 leading countries of the world will discuss about the development of the whole world under its chairmanship. America's President Mr. Joe Biden is also coming today (Friday) to participate in it. He will hold talks with Prime Minister Shri Narendra Modi before the summit to be held on 9th and 10th September. It is obvious that this conversation will be about the mutual relations between the two countries and the problems in this area which are directly or indirectly related to America. Among these, the peace and security of the Indo-Pacific Ocean region is considered an important issue. But despite being a member, Russian President Mr. Putin and Chinese President Mr. Xi-Jin-Ping are not attending the conference. There is definitely some problem with this, but it is not so complicated that India cannot find a solution to it. Undoubtedly, China is the closest neighbor of India whose borders meet on six sides and Russia is a tested true and firm friend of India. It would have been better if both the leaders had also participated in the summit, then it would have helped in finding solutions to the current problems of the world and tensions at various levels would have been removed. But Mr. Putin is embroiled in war with Ukraine and America and Western European countries are helping Ukraine in every way from strategic and they have given the pretext of making it a member of their strategic organization 'NATO'. In international diplomacy, it is also being seen in such a way that America and European countries want to limit Russia's power through Ukraine. But China is helping Russia directly and America's commercial and trade issues with China are well known. Therefore, it is the responsibility of India not to allow the New Delhi meeting of the G-20 to become a diplomatic arena between these countries and keeping its national interests paramount, give a message to the world that India is a land of love and brotherhood. Is considered. In this matter, the eyes of the whole world will definitely be on the joint statement issued by the G-20 countries to be released on 10th September. Of course, India may not care much about what America says about China, rather it has to do with China's attitude towards India, because we have sour feelings about both China and America. There are sweet experiences. It is well known that in the four wars fought by India against Pakistan, America's weight was on the side of Pakistan and China is still sitting in Ladakh grabbing some land of India and is telling Arunachal Pradesh as its territory. Therefore, if Prime Minister Modi plays this trump card that on the coming Republic Day, January 26, he will invite the heads of state of 'Quad' countries to New Delhi as state guests, then this will stop the acrobatics and stunts of China which it often does. lives. Quad includes India, Australia, Japan and America. India has been continuously demanding that the Indian Ocean region should be declared a peace zone, but China has been continuously showing arrogance by launching its warships in it and in response, America has also been deploying its fleet, thereby protecting this major waterway of world trade from threats. Is filling up. India's role has become very important in this context, but we do not have to get carried away by America's smooth talks and have to maintain our relations with Russia as well as cool down China's temper.

# Article 370: Eyes on Supreme Court

The Supreme Court has completed the hearing after 16 days of debate on the petitions challenging the abrogation of Article 370 from Jammu and Kashmir. The Supreme Court has completed the hearing after 16 days of debate on the petitions challenging the abrogation of Article 370 from Jammu and Kashmir. The petitioners demand that Article 370 should be restored in Jammu and Kashmir and its full statehood should also be returned. The five-judge bench headed by the Chief Justice has already made it clear that it will confine itself to constitutional issues only. The apex court will only see whether there is a constitutional violation or not. If there is a constitutional violation, the court will certainly intervene. The court will examine the underlying wisdom of the decision to abrogate Article 370. One of the issues that the Supreme Court has to decide is whether the central government has the right to abrogate Article 370 or not. Second, is it right or wrong for the central government to divide Jammu and Kashmir into two states and make them union territories. And whether it is right or wrong to keep a state under governor's rule for a long time. It was significant during the hearing that the Chief Justice of India accepted the accession of Jammu and Kashmir to India as final. It is clear from this that Jammu and Kashmir is an integral part of India and its merger has happened unconditionally in India. Now everyone's eyes are on the Supreme Court and its decision will also make it clear that abrogation of Article 370 is in the national interest. Was it in or not. It is well known that Article 370 was a temporary provision. During the hearing, the issue of raising Pakistan Zindabad slogans by petitioner National Conference leader Mohd Akbar Lone in the Jammu and Kashmir Assembly in 2018 also came up. The Central Government demanded that Akbar apologize for the loan and file an affidavit of allegiance to the Constitution of India. On this, the Supreme Court asked Akbar Lone to give an affidavit. Roots in Kashmir, an organization of Kashmiri Pandits, had filed a petition claiming that Akbar Lone declared support for Pakistan. Although Akbar Lone has given an affidavit, Advocate General Tushar Mehta said that the affidavit filed by National Conference MP Akbar Lone is a farce. This affidavit is like rubbing salt on the wounds which has damaged the image of the country. He has also asked the court to see what Akbar Lone has not written in this affidavit. Lone has written in the affidavit that "I am a responsible citizen of India. I reiterate the oath taken as an MP. I have taken an oath to uphold the Constitution of India and maintain the integrity of India. The Supreme Court will review his affidavit and take a decision. During the hearing, the Central Government has made it clear that the voter lists in Jammu and Kashmir are being finalized and elections can be held there any time. The dates of elections have to be decided by the Election Commission. However, the Center did not give any time limit regarding granting statehood to Jammu and Kashmir. There is no doubt that after the removal of Article 370, the incidents of terrorism and infiltration in Jammu and Kashmir have reduced significantly and stone pelters are no longer seen anywhere. With the restoration of peace in Jammu and Kashmir, tourists from all over the country have been attracted towards Jammu and Kashmir and cinema halls which were closed for many years have also started opening. Like before, religious festivals are being organized at Lal Chowk in Srinagar and the place- Tricolors are flying everywhere and Kashmiri people have started joining the mainstream of the country. When the situation becomes completely normal then it will also be given the status of state. These are all policy issues. When a state is reorganized, the Center also decides in this related plan what will be done after the reorganization of the state. Somehow the youth of the state will be brought into the mainstream. How will employment be provided to everyone? The government is working as per its plans in Jammu and Kashmir. Now the decision of the Supreme Court is awaited. It remains to be seen what decision the apex court takes and that decision will have far-reaching consequences. Now everyone's eyes are on the Supreme Court and its decision will also make it clear that abrogation of Article 370 is in the national interest. Was it in or not. It is well known that Article 370 was a temporary provision. During the hearing, the issue of raising Pakistan Zindabad slogans by petitioner National Conference leader Mohd Akbar Lone in the Jammu and Kashmir Assembly in 2018 also came up. The Central Government demanded that Akbar apologize for the loan and file an affidavit of allegiance to the Constitution of India. On this, the Supreme Court asked Akbar Lone to give an affidavit. Roots in Kashmir, an organization of Kashmiri Pandits, had filed a petition claiming that Akbar Lone declared support for Pakistan. Although Akbar Lone has given an affidavit, Advocate General Tushar Mehta said that the affidavit filed by National Conference MP Akbar Lone is a farce. This affidavit is like rubbing salt on the wounds which has damaged the image of the country. He has also asked the court to see what Akbar Lone has not written in this affidavit. Lone has written in the affidavit that "I am a responsible citizen of India. I reiterate the oath taken as an MP. I have taken an oath to uphold the Constitution of India and maintain the integrity of India. The Supreme Court will review his affidavit and take a decision. During the hearing, the Central Government has made it clear that the voter lists in Jammu and Kashmir are being finalized and elections can be held there any time. The dates of elections have to be decided by the Election Commission. However, the Center did not give any time limit regarding granting statehood to Jammu and Kashmir. There is no doubt that after the removal of Article 370, the incidents of terrorism and infiltration in Jammu and Kashmir have reduced significantly and stone pelters are no longer seen anywhere. With the restoration of peace in Jammu and Kashmir, tourists from all over the country have been attracted towards Jammu and Kashmir and cinema halls which were closed for many years have also started opening.

# महिला अध्यापक छात्रा को विद्यालय के कमरे में बंद कर चली गयीं घर

क्यूँ न लिखूँ सच
शेर सिंह



बरेली – प्राथमिक विद्यालय में एक छात्रा को महिला अध्यापक कक्ष में ही बंद करके चली गयी।विद्यालय की छुट्टी होने के 2 घण्टे गुजर जाने के बाद भी जब छात्रा घर नही पहुंची तो उसके पिता तलाश करने विद्यालय पहुंचे तो वह कक्ष में ही बंद थी। और रो रही थी,वहीं पिता ने इसकी शिकायत खंड शिक्षा अधिकारी से की है। ग्राम भगवतीपुर प्राथमिक विद्यालय में मधु कक्षा पांच की छात्रा है।शुक्रवार को वह रोज की तरह विद्यालय गयी थी।विद्यालय की छुट्टी हुई तो सभी बच्चे अपने घ चले गए,वहीं मधु कक्षा में ही सो गई थी।सभी बच्चों के चले जाने के बाद इंचार्ज महिला अध्यापक ने कक्षाओं में बिना देखे ही छात्रों से ताला डलवा दिया। और अपने घर चली गईं।जिससे छात्रा कक्ष में ही बंद हो गयी।छात्रा के पिता पप्पू राठौर ने बताया कि उनकी बेटी छुट्टी होने दो घण्टे के बाद भी जब घर नही आई तो वह घबरा गए और बेटी को तलाश करने विद्यालय गए तो ताला बंद कमरे से मधु के रोने की आवाज आ रही थी। तभी ताला तोड़कर उसे कमरे से निकल गया।

# पंचायत डिडौरा में प्रधान पद के उपचुनाव में मंजर हुसैन विजयी, 461 मतों से हाशमीन को किया पराजित



मुरादाबाद-ग्राम प्रधान पद के लिए 2526 मतदाताओं में से 1736 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर वोटों की गिनती हुई। इसमें मंजर हुसैन 1069 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित किए गए। मुरादाबाद सदर विकास खंड की ग्राम पंचायत डिडौरा में प्रधान पद के उपचुनाव की हुई

मतगणना में मंजर हुसैन प्रधान निर्वाचित घोषित किए गए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी हाशमीन खातून को 461 मतों के अंतर से पराजित किया। करीब दो साल पहले हुए पंचायत के आम चुनाव में ग्राम प्रधान डिडौरा से तस्लीम प्रधान निर्वाचित हुए थे। उनके निधन के बाद यहां उप चुनाव हुआ था। जिसमें प्रधान पद के चार उम्मीदवारों ने भाग लिया था। छह सितंबर को इसके लिए मतदान हुआ था। जिसमें 2526 मतदाताओं में से 1736 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था। शुक्रवार को ब्लॉक मुख्यालय पर वोटों की गिनती हुई। इसमें मंजर हुसैन 1069 मत प्राप्त कर निर्वाचित घोषित किए गए। चुनाव में किस्मत आजमा रहीं पूर्व प्रधान स्व. तस्लीम की पत्नी हाशमीन खातून दूसरे नंबर पर रहीं। उन्हें कुल 608 मत प्राप्त हुए। प्रधान पद के अन्य दो प्रत्याशियों में शाकिर को 4 तथा अय्यूब हुसैन को कुल 2 मत प्राप्त हुए।

## जानलेवा बुखार: 21 दिन में आठ लोगों की जा चुकी है जान, डेंगू के नौ और मरीज मिले, स्वास्थ्य विभाग को पता नहीं

मुरादाबाद-मुरादाबाद में डेंगू का कहर लगातार बढ़ता जा रहा है। इस पर लगाम लगाने के लिए स्वास्थ्य विभाग कोई तैयारी नहीं कर पा रहा है। जिला अस्पताल में लगातार मरीजों के पहुंचने का सिलसिला जारी है। जिले में बुखार से मौतों का सिलसिला जारी है। वीरवार को अगवानपुर में छह वर्ष की बच्ची व 35 वर्षीय युवक ने बुखार से दम तोड़ दिया। इसके अलावा जिले में डेंगू के नौ नए केस मिले हैं। अब डेंगू के मामलों की संख्या बढ़कर 118 हो गई है। लगातार हो रही मौतों से स्वास्थ्य विभाग अंजान है। मौत के बाद टीम लोगों के घर पहुंचती है, उससे पहले क्षेत्र में फॉगिंग तक नहीं कराई जाती। अगवानपुर में हुई मौतों के मामले में स्वास्थ्य विभाग तब अंजान है, जब दोनों मरीज जिला अस्पताल में भर्ती रहे हैं। बच्ची को हालत बिगड़ने पर परिजन निजी अस्पताल ले गए थे। युवक ने जिला अस्पताल में ही दम तोड़ा है। मोहल्ला तातारपुर निवासी छह वर्षीय बच्ची अफसानूर के पिता रियाजुद्दीन मजदूर हैं। परिजनों के मुताबिक अफसानूर को तीन दिन पहले बुखार आया था। पड़ोस में झोलाछाप से उसको दवा दिलाई थी। बच्ची की सेहत में सुधार नहीं हुआ तो मुरादाबाद में निजी अस्पताल में दिखाया। डॉक्टर ने जांच कराई तो बच्ची में खून की कमी, प्लेटलेट्स कम व टाइफाइड बताया गया। डॉक्टर ने हाथ खड़े कर दिए और बच्ची को जिला अस्पताल ले जाने की सलाह दी। बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। यहां बुधवार देर शाम उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन कांठ रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। मौत का दूसरा मामला सराय फारुख निवासी 35 वर्षीय राजीव सिंह का है। वह हलवाई थे। परिवार में पत्नी मुन्नी और तीन बच्चे हैं। परिजनों ने बताया कि रविवार को राजीव को बुखार आया था। पड़ोस में एक डॉक्टर ने अपने क्लीनिक में तीन दिन तक भर्ती रखा। बुधवार को झोलाछाप ने हालत बिगड़ने पर जिला अस्पताल में दिखाने की सलाह दी। परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे, जहां कुछ घंटे भर्ती रहने के बाद उसने दम तोड़ दिया। बीजना गांव में नहीं थम रहा डेंगू वीरवार को मिले नौ मरीजों में एक मरीज बीजना गांव का है। ग्रामीणों के मुताबिक अब भी कई लोग बीमार हैं। अन्य मरीजों में पांच मुरादाबाद शहर के निवासी हैं। पांच वर्षीय बालक छजलैट के अलीपुर खालसा, 47 वर्षीय महिला कुंदरकी के तख्तपुर हाशा और 39 वर्षीय महिला गोहरपुर सुल्तानपुर की रहने वाली हैं। इनमें से कुछ मरीज अस्पतालों में भर्ती हैं। सभी की हालत स्थिर है। मरीज की मौत की सूचना पर फौरन टीम को अलर्ट कर क्षेत्र में लोगों की जांच कराई जाती है। टीम खुद भी जगह-जगह जाकर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगा रही है। आशंकित लोगों की खून की जांच के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं। – डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव, जिला सर्विलांस अधिकारी

# डीएम ने चुपके से पूछा- इलाज के रुपये तो नहीं लिए जा रहे, मरीज बोला- साहब दस दिन से ऑपरेशन नहीं हुआ



मुरादाबाद ने नवनियुक्त डीएम मानवेंद्र सिंह ने जिला अस्पताल का दौरा किया। उन्होंने मरीजों से अस्पताल की व्यवस्थाओं के बारे में पूछा। स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को कई दिशा निर्देश भी दिए।जिला अस्पताल में हड्डी से संबंधित ऑपरेशन के लिए कई मरीज 10 दिन से इंतजार कर रहे हैं। जिलाधिकारी मानवेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया तो मरीजों की पीड़ा सामने आई। डीएम के सामने मरीज बोल पड़े कि साहब कई दिन से भर्ती हैं लेकिन ऑपरेशन नहीं हो रहा। इस पर डीएम ने नाराजगी जताई और सीएमएस को निर्देश दिए कि ऑर्थो सर्जन से बोलकर मरीजों के जल्द ऑपरेशन कराएं। जिला अस्पताल के वरिष्ठ ऑर्थो सर्जन डॉ. एस कक्कड़ छुट्टी पर हैं। उनकी गैर मौजूदगी में डॉ. शोभित मरीजों को देख रहे हैं। सीएमएस ने डीएम के सामने ही डॉक्टर को स्थिति में सुधार करने के लिए कहा। इसके बाद डीएम ने एक-एक वार्ड में जाकर मरीजों का हाल पूछा। जाना कि इलाज के लिए रुपये तो नहीं लिए जा रहे हैं। मरीज और तीमारदार को भोजन मिल रहा है या नहीं। डीएम ने पोषण पुनर्वास केंद्र में रसोई में बन रहे भोजन की गुणवत्ता भी देखी। 10 बेड के एनआरसी में सिर्फ एक बच्चा भर्ती मिला। इस पर भी डीएम खफा हुए।

सीएमएस डॉ. संगीता पाठक व एमएस डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि आरबीएसके व अन्य योजनाओं के संचालक बच्चों को नहीं भेज रहे हैं। बृहस्पतिवार सुबह तक एनआरसी में छह बच्चे भर्ती थे, दो को बच्चा वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। तीन जन्माष्टमी के कारण छुट्टी लेकर घर चले गए हैं। वहां उन्हें पोषण का प्लान दिया गया है। महिला अस्पताल के निरीक्षण पर डीएम को शौचालयों में ताले लगे मिले। रैन बसेरे की स्थिति खराब मिली। उन्होंने वहां भर्ती महिला मरीजों से पूछा कि डिलीवरी के लिए रुपये तो नहीं लिए जाते। इस पर नहीं में उत्तर मिला। डीएम ने ऑक्सीजन प्लांट का भी निरीक्षण किया। सीएमओ से पूछा जिले में कितने कुपोषित बच्चे, नहीं मिला उत्तर डीएम ने एनआरसी की स्थिति देखकर सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह से पूछा कि जिले में कितने कुपोषित बच्चे हैं। इस पर उन्हें उत्तर नहीं मिला, सीएमओ ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र से जानकारी लेकर विवरण दिया जाएगा। डीएम ने फिर पूछा कि जिले में कितनी 102 और कितनी 108 एंबुलेंस हैं और उनका रेस्पांस टाइम कितना है। सीएमओ ने 10 से 15 मिनट बताया। जबकि वास्तविकता कुछ और ही है। एमसीएच विंग में आईसीयू शुरू करने के लिए मांगें स्टाफ- एमसीएच विंग में आईसीयू तैयार है लेकिन स्टाफ न होने के कारण यह करोड़ों का सेटअप ठप पड़ा है। डीएम ने इसकी जानकारी सीएमओ से ली तो जवाब मिला कि स्टाफ की कमी है। शासन को पत्र भेजकर स्टाफ की नियुक्ति कराने के लिए डीएम ने सीएमओ को निर्देशित किया। इसके अलावा जिला अस्पताल व महिला अस्पताल में रेडियोलॉजिस्ट की तैनाती कराने के लिए भी आश्वासन दिया।

# पचास हजार लेकर दुष्कर्म के आरोपी को छोड़ा, पीड़िता तीस दिन से एसएसपी कार्यालय में दे रही धरना

मुरादाबाद –मुरादाबाद एसएसपी दफ्तर के सामने दुष्कर्म पीड़िता तीस दिन से धरने पर बैठी है। बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है। उसका कहना है कि आरोपी ने 50 हजार थाने में दिए हैं इसलिए उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही है। एसएसपी कार्यालय के सामने दुष्कर्म पीड़िता पिछले एक माह से धरने पर बैठी है। उसका कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी होने तक वह धरना जारी रखेगी। विवेचना ट्रांसफर करने के आश्वासन पर भी उसने वहां से उठने से इन्कार कर दिया है। वह सुबह दस बजे धरनास्थल पर पहुंच जाती है और शाम पांच बजे तक यहां बैठती है। पीड़ित महिला मझोला क्षेत्र में रहती है। उसने मझोला थाने में ब्याज पर रुपये बांटने वाले व्यक्ति के खिलाफ दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। उसका आरोप है कि पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया था लेकिन 50 हजार रुपये लेकर थाने से छोड़ दिया। इस मामले की शिकायत अफसरों से की गई लेकिन आरोपी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद पीड़िता एसएसपी कार्यालय के सामने धरने पर बैठ गई है। वह पिछले एक माह से धरने पर बैठी है। उसका कहना है कि वह रोज सात घंटे धरने पर बैठती है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर का कहना है कि महिला ने केस की जांच ट्रांसफर कराने की मांग की है। दूसरे थाने से विवेचना कराने को कहा गया है।




# हापुड़ पहुंचकर अधिवक्ताओं के धरने को दिया समर्थन



मुरादाबाद – हापुड़ में चल रहे धरना स्थल पर पहुंचकर समर्थन देते दि बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, महासचिव अभय कुमार सिंह आदि।

दी बार एसोसिएशन एंड लाइब्रेरी मुरादाबाद के प्रतिनिधिमंडल हापुड़ बार एसोसिएशन द्वारा हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज के विरोध में हापुड़ में चल रहे धरने पर पहुंचे। अपना समर्थन पत्र उनको सौंपा और आश्वासन दिया कि भविष्य में जब भी हापुड़ बार एसोसिएशन को मुरादाबाद के अधिवक्ताओं की आवश्यकता होगी तो वह उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहेंगे। प्रतिनिधि मंडल में एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, महासचिव अभय कुमार सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुनील कुमार सक्सेना, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य हरि शंकर आर्य, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य रमा पांडे आदि की उपस्थिति रही। इसके अलावा अनिल पाल सिंह एडवोकेट ने जिला बार एसोसिएशन मुरादाबाद की ओर से भी समर्थन पत्र हापुड़ बार एसोसिएशन को सौंपा।

# कलमबंद हड़ताल कर अधिवक्ताओं ने किया विरोध प्रदर्शन, कहा- दोषियों पर हो कार्रवाई



मुरादाबाद – दीवनी कचहरी परिसर व कलेक्ट्रेट में जुलूस निकालकर नारेबाजी की हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के विरोध में कलमबंद हड़ताल कर नारेबाजी करते अधिवक्ता। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार को भी अधिवक्ता बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर न्यायिक कार्य से विरत रहे। जुलूस निकालकर नारेबाजी कर दोषियों पर कार्रवाई की मांग की। दि बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक कुमार सक्सेना, महासचिव अभय कुमार सिंह, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य सुरेश चंद्र गुप्ता आदि के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने दीवानी कचहरी, कलेक्ट्रेट परिसर में जुलूस निकाला। नारेबाजी कर हापुड़ में वकीलों पर लाठीचार्ज के दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई करने की मांग की। कहा कि अधिवक्ताओं पर अत्याचार सहन नहीं किया जाएगा। कहा कि सरकार हठधर्मिता छोड़कर मामले में कड़ी कारवाई करे। विरोध जताने वालों में सुनील कुमार सक्सेना, अमित सक्सेना, सीता सैनी, कमल कौशल सिंह, अलका शर्मा, हर स्वरूप सिंह, शैली शर्मा, खलील अहमद, अनिल यादव, जितेंद्र बहादुर, राजीव चौधरी, पारूल अग्रवाल, मुकेश वर्मा, नासिर हुसैन सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।




# कॉलोनियों के नाम बदले, फिर खरीदारों का इंतजार

मुरादाबाद – पुरानी योजनाओं के आकर्षित नाम कर लोगों को लुभाने का प्रयास कर रहा प्राधिकरण प्रशासन, परियोजनाओं की कॉलोनी में सड़क, बिजली, पानी, पार्क मनोरंजन के साधन की कमी मुरादाबाद विकास प्राधिकरण की पुरानी परियोजना वाली कॉलोनियों में आवासों के खरीदार न मिलने से अब उनके नाम बदले गए हैं। लेकिन इससे आवासों की बिक्री बढ़ने पर संदेह है। कई बहुमंजजिली आवासीय कॉलोनियों में मकान खंडहर हो गए हैं। उनका रखरखाव न होने, कॉलोनियों में पार्क विकसित न होने से लोग यहां रहने से कतरा रहे हैं। नया मुरादाबाद सेक्टर-बी में भवनों के आवंटन के लिए कई बार ऑफर मिलने के बाद भी खरीदारों ने रुचि नहीं दिखाई। पहले आओ, पहले पाओ सहित अन्य आकर्षक ऑफर देने के बाद भी लोग यहां रहने से बच रहे हैं। इसको देखते हुए मंगलवार को हुई प्राधिकरण बोर्ड की बैठक में इन परियोजनाओं की नए सिरे से ब्रांडिंग कर लोगों को लुभाने के लिए बहुमंजिली भवन योजना को एन्कलेव नाम देने की स्वीकृति बोर्ड ने सर्वसम्मति से दी।नया मुरादाबाद सेक्टर-16बी को समृद्धि विहार एनक्लेव, ढक्का योजना को सतपुड़ा एन्कलेव ईडब्लूएस, अलकनंदा एन्कलेव एलआईजी, ईडब्ल्यूएस भवन मझोला योजना को अरावली एन्कलेव और एलआईजी भवन देहरी मुस्तहकम को विध्यांचल एन्कलेव नाम दे दिया गया है। लेकिन जब तक इन परियोजनाओं की कॉलोनी में सड़क, बिजली, पानी, पार्क, मनोरंजन के साधन, चिकित्सा और मार्ट नहीं होंगे। तब तक महंगे फ्लैट्स के खरीदार शायद ही इस ओर आकर्षित हो। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष शैलेष कुमार का कहना है कि पहले की कई आवासीय परियोजनाओं के नाम बदले गए हैं। इन कॉलोनियों में मूलभूत सुविधाओं का विकास कराया जाएगा, जो भी यहां रहेगा उसको असुविधा नहीं होगी, इसका ख्याल रखा जाएगा। नई टाउनशिप को विकसित करने पर नजर- प्राधिकरण के अधिकारियों की नजर अब 11 गांवों के किसानों से सहमति के आधार पर 1250 हेक्टेयर में प्रस्तावित महत्वाकांक्षी टाउनशिप पर है। किसानों के विरोध को शांत कर उन्हें लिखित आश्वासन दिया गया, जो भी जमीन खरीदी जाएगी, वह किसानों से सहमति पर ही होगी। इस परियोजना के माध्यम से पीतलनगरी को नोएडा, जयपुर की तरह दिखाने की है। उससे नोएडा, ग्रेटर नोएडा और आसपास महंगे फ्लैट्स न खरीद पाने वाले भी यहां फ्लैट्स खरीद सकें।




## क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक – नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# श्री गोकुल समाज सेवा संस्थान द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

अशोकनगर श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर शहर के हृदय स्थल गांधी पार्क पर विशाल मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया संस्थान यह आयोजन 12 साल से निरंतर कर रही है जिसमें शहर के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं मटकी की ऊंचाई 18 फीट रखी गई वहीं सुरक्षा की दृष्टिकोण से नीचे में बोरो में भूसा भरकर डाला गया और उसके ऊपर भी घास भी बिछाया गई



वही कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मोहन यादव सेमरा, रामवीर राय बगुल्या, एड.करण शर्मा, हरिओम शर्मा छैलाई वहीं एक टोली में 9 सदस्यों को लगाया गया एक टोली से एंट्री फीस के तौर पर 50 रुपये राशि ली गई मटकी फोड़ने के लिए 23 टोलियों ने प्रयास किया ,प्रयास कर रही टोलियां के ऊपर संस्थान के सदस्यों ने पानी की बौछार की और अंतिम दौर रात्रि 12= 23 बजे पर 23वीं मडखेड़ा टोली मटकी फोड़ने में सफल रही विजेता टीम को पुरस्कार के रूप में 5100 रुपए नगद एवं एक शील्ड संस्थान की ओर से प्रदान की गई इस बीच संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष राहुल शर्मा, संगठन के जिला अध्यक्ष दीपक चौबे ,कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा, संरक्षक मंडल के अशोक शर्मा ,महेश शर्मा ,सुमत कुमार राय, दयाराम नायक,आनंद शर्मा, दीपक शर्मा सचिन शर्मा पार्षद रितेश जैन आदि सदस्य मुख्य रूप से उपस्थित रहे

# छूटे हुए बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण किया जाए सुनिश्च- सघन मिशन इन्द्रधनुष के तहत

क्यूँ न लिखूँ सच
अरविन्द कुमार यादव



श्रावस्ती, जिलाधिकारी कृतिका शर्मा ने बताया है कि सघन मिश् इंद्रधनुष कार्यक्रम 5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत आगामी 11 से 16 सितंबर, 2023 तक टीकाकरण विशेष अभियान ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में चलाया जायेगा। उन्होंने बताया कि यह अभियान जनपद के सभी ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में चलाकर सभी टीके जैसे-खसरा, रूबैला, गलघोंटू, काली खांसी, टेटनेस, निमोनिया, टी0बी0, दिमागी बुखार, पोलियो, डायरिया, हेपेटाइटिस-बी, हिमोफिलस इंफ्युएंजा टाइप बी टीके लगाए जाएंगे ।जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि मिशन इन्द्रधनुष कार्यक्रम के तहत 05 वर्ष तक के सभी बच्चों का टीकाकरण करना सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं की हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशन, वजन, सुगर सहित अन्य सभी जांच करना भी सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि कोई भी बच्चा या गर्भवती महिलाएं टीकाकरण से वंचित न रहने पाये, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होने सभी जनपद वासियों से अपील किया कि अपने बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण कराकर उनके जीवन को सुरक्षित एवं स्वस्थ बनायें। उन्होने कहा कि यह टीकाकरण पूर्ण रूप से सुरक्षित है, इसलिए बच्चों के माता-पिता को किसी भी तरह से घबराने की जरूरत नही है। उन्होने समस्त ग्राम प्रधानों से भी अपेक्षा की है इस टीकाकरण कार्यक्रम में पूरा सहयोग करें तथा लोगों को टीकाकरण कराने हेतु प्रेरित करें।

# मां-बेटे को पीटा, पांच नामजद

क्यूँ न लिखूँ सच
लवकुश ठाकुर

अलीगढ़ हरदुआगंज - थाना क्षेत्र के गांव गुरसिकरन निवासी गिरजा देवी पत्नी कृपाल सिंह ने तहरीर में बताया कि गांव के राकेश के बेटे व अन्य स्वजन रंजिश रखते हैं। गिरजा देवी के मुताबिक उनका बेटा प्रदीप घर के बाहर खड़ा था, तभी रोहित वहां से कार लेकर गुजरा, जिसने प्रदीप को घायल कर दिया। इसकी शिकायत करने पर रोहित व अनिल पुत्र राकेश, आकाश पुत्र हरपाल, हरपाल और उसकी पत्नी रानी व जयपाल एकराय होकर आ गए और गिरजा देवी के घर में घुसकर मां-बेटे से मारपीट कर डाली। मामले में गिरजा देवी की तहरीर पर पांचों आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# सास-बहू को पीटकर किया घायल एनसीआर दर्ज

क्यूँ न लिखूँ सच -लवकुश ठाकुर

अलीगढ़- हरदुआगंज। थाना क्षेत्र के गांव ग्वालरा में दबंग ने सास-बहू को पीटकर घायल कर दिया। मामले में घटना के तीन दिन बाद पुलिस ने एनसीआर ( नान काग्निजेबल रिपोर्ट ) दर्ज की है। गांव ग्वालरा निवासी पूजा देवी ने बताया कि उसके बच्चे अपने घर के बाहर खेल रहे थे, इसी दौरान गांव का शालू पुत्र मुकेश वहां से गुजरा, जिसने इतन पैर मारकर बच्चों का खिलौना तोड़ दिया। पूजा ने बताया कि उसने खिलौना तोड़ने का विरोध किया तो शालू ने उसे पीटना शुरू कर दिया। उसकी सास शकुंतला देवी बचाने आई तो उसे भी पीटा तथा ईंट मारकर सास - बहू को घायल कर दिया। वहीं, पीड़िता द्वारा लगातार पुलिस से गुहार लगाने पर एनसीआर दर्ज कर मामला रफा-दफा कर दिया गया।

# श्री कृष्ण सिखाते हैं, जिस समाज में स्त्री का सम्मान और उसकी रक्षा होती है, वही मंगलमय उन्नति कर पता है - डॉ रश्मि आर्य विधायक

## मगरवारा में दधि मटकी प्रतियोगिता में उल्दन टीम ने बाजी मारी

क्यूँ न लिखूँ सच
नेहा श्रीवास

झाँसी- बंगरा समीपस्थ स्थित ग्राम पंचायत मगरवारा में स्थित बगिया वाले श्री राम राजा व श्री हनुमान मन्दिर पर कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दधि मटकी व दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि मऊरानीपुर विधायक डॉ रश्मि आर्य ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना कर फीता काटकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर बच्चों के हाथों से मुख्य अतिथि द्वारा केक काटकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्म उत्सव मनाया गया ।तदुपरांत सम्बोधित करते हुए मुख्य डॉ रश्मि आर्य ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने भक्ति, धर्म, प्रेम का संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर पूरे देश में जगह-जगह भव्य समारोह आयोजित किए जा रहे हैं। डॉ रश्मि आर्य ने कहा कि श्रीकृष्ण भगवान ही हमें सिखाते हैं कि जीवन कर्म प्रधान है इसलिए हमें हमेशा अच्छी कर्म करना चाहिए ।भागवद गीता में अर्जुन के सामने जब क्या करूं क्या न करूं की स्थिति थी तब श्रीकृष्ण ने ही उन्हें मार्ग दिखाया था। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रतिकूल परिस्थितियों से लडना और जीतना सिखाता है।



विशिष्ट अतिथि जयप्रकाश आर्य पप्पू सेठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के मुखिया मा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में विकास की गति तेज हो गई है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाया जा रहा है ।ग्राम प्रधान सेवारा व समाजसेवी रहीश सिंह यादव ने कहा कि लोगों को पीडितों की मदद करने के लिए आगे आना चाहिए ।आयोजन में जगह जगह से आई हुई टीमों ने अपना हुनर दिखाया जिसमें लगभग चालीस फीट की ऊंचाई पर बंधी दही मटकी को तोड़ने में कचनेव,तालपुरा, जिखनगांव,मगरवारा,बंगरा सहित अन्य जगहों की टीमों को हताशा हांथ लगी तब कई बार के प्रयास और भगवान श्री कृष्ण के आशीर्वाद से उल्दन टीम ने मटकी तोड़कर उपहार एवं इनाम की राशि प्राप्त की वहीं दंगल प्रतियोगिता में झाँसी और भांडेर के पहलवानो के बीच दमदार मुकाबला चला जिसमें भांडेर के पहलवान ने झाँसी के पहलवान को चित्त करके बाजी जीत ली ।वहीं छोटी मटकी प्रतियोगिता में पठा टीम ने जीत हासिल की ।मौके पर डॉ सतेन्द्र सिंह,भगवत साहू,मानवेंद्र सिंह, कौशलेन्द्र सिंह, हरदेव सिंह गौर, चन्द्रपाल सिंह, मंयक शर्मा, दीनू राजा मुखिया,सोमवीर सिंह,भीमप्रताप सिंह,प्रदीप सिंह गौर,राजेन्द्र सिंह गौर,जितेंद्र सिंह, आशीष गुप्ता, कपिल गुप्ता, रंजीत भोजवाल, सरदार सिंह, अनिल सिंह भकौरा, मथुरा प्रसाद गुप्ता, भागीरथ कुशवाहा, हरेन्द्र कुशवाहा, कल्लू महाराज पठाकरका,दिनेश प्रजापति, राजू दद्दा,आमोद शुक्ला आदि ने किया ।संचालन पत्रकार मुकेश राजपूत ने किया ।मौके पर मुख्य अतिथि द्वारा पत्रकार



संतोष शर्मा आदि ने विचार व्यक्त किए ।

इससे पहले अतिथियों का स्वागत प्रमोद सिंह गौर,मदनलाल बॉस,रामू कुशवाहा,धर्मेश सोनी, संतोष माली,राजकुमार कुशवाहा डलई, मथुरा प्रसाद पाल,सतीश कुशवाहा,मोनू कुशवाहा,सुनील कुशवाहा,रोहित कुशवाहा, रजनेश कुमार,धम्मू,हल्के ,अखिलेश मिस्त्री,मोहन,अंगू अहिरवार,हल्के, मिथलेश कुशवाहा,परशुराम पटेल, प्रेमनारायण पटेल, दृगपाल सिंह गुढा, राजू दद्दा, सुखराम कुशवाहा, नाथूराम कुशवाहा, नन्दकिशोर बाबूजी, श्रीराम गुप्ता,भरत यादव, बलवीर सिंह यादव, सुरेन्द्र यादव,धीरू गौर, भानु कुमार,मुकेश राजपूत, जगदीश श्रीवास,बंटी तोमर,राहुल यादव,लल्ला कुशवाहा,ब्रजपाल सिंह, घनेन्द्र सिंह यादव,संतोष सेठ, शिक्षक रामजी शर्मा, पूर्व प्रधान सुदीप सिंह सिसौदिया, प्रीतम सिंह यादव, सुरेन्द्र सिंह, रवींद्र यादव, राजेन्द्र सिंह गौर, शिवम यादव, जगदीश श्रीवास,मनोज ओझा,महेन्द्र सोलंकी,नमन पाठक,अनुज श्रोती,राकेश सेन,कपिल गुप्ता, प्रदीप सिंह गौर,संतोष माली को सम्मानित किया गया ।बाद में मंशापूर्ण हनुमानजी मन्दिर पर पुजारी शम्भूदयाल दीक्षित के नेतृत्व में सोसायटी अध्यक्ष रानीपुर बीनू प्रदीप सिंह गौर द्वारा आयोजित स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि मऊरानीपुर विधायक डॉ रश्मि आर्य पप्पू सेठ द्वारा मंदिर पर एक कमरा निर्माण कराने सहित कटेरा रोड से डलई मार्ग,कटेरा रोड से मंजूवारा छिगेवारा मार्ग, टपरियन खिरक से ढेंग गुढ़ा तक मार्ग निर्माण एवं टपरियन रोड पर टूटी डली तीन पुलियों के निर्माण सहित अन्य समस्याओं के समाधान के लिए घोषणा की गई। आभार शम्भूदयाल दीक्षित द्वारा जताया गया ।जीती हुई टीमों को साईकिल,नगद धनराशि एवं अन्य उपहार स्वरूप भेटें आयोजन टीम एवं अतिथियों द्वारा दी गईं।

# विधायक ने तीन दिवसीय चित्र प्रदर्शनी का किया समापन

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रेमचंद जायसवाल



